Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

## सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतकको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- १३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १-१५ जुलाई २०२० पृष्ठ ०८ मूल्य: १५ रु.मात्र (रंगीन सहित)


# पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना का हुआ विस्तार

## नवंबर तक मिलेगा ८० करोड़ लोगों को मुफ्त राशन



प.सू.का/नई दिल्ली। देश में कोरोना के प्रकोप के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिनांक ३०.०६.२०२० देश को संबोधित किया। यह उनका छठा संबोधन था। लगभग अपने १६ मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना को केंद्र में रखा और लोगों से लापरवाही न बरतने की अपील दोहराई इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के विस्तार की भी घोषणा की। पीएम मोदी ने कहा अनलॉक-१ के बाद से लापरवाही बढ़ती जा रही है। उन्होने लोगों को सावधानी बरतने की अपील की। उन्होनें कहा कि समय पर किए गए लॉकडाउन से हमारी और देशों से अच्छी स्थिति है। उन्होने कहा कि हमें कंटेनमेंट जोन पर विशेषकर बहुत ध्यान देना होगा। और एसे लोग जो अभी बी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। हमें उन्हें रोकना होगा और समझाना भी होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कुछ दिनों के बाद त्योहारों का मौसम शुरू हो जाएगा। जिसको ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार अब दिवाली और छठ पूजा तक, यानी नवंबर के आखिरी तक कर दिया जाएगा। जिससे ८० करोड़ लोगों को नवंबर तक मुफ्त अनाज मिलेगा। पीएम ने कहा कि पूरे भारत के लिए अब एक राशन-कार्ड की व्यवस्था भी हो रही है।

## लॉकडाउन में रेलवे ने की २०० महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी



प.सू.का/नई दिल्ली। लॉकडाउन अवधि के दौरान भारतीय रेलवे ने कई वर्षो से लंबित रख-रखाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया, जिनके लिए लंबी अवधि तक यातायात सेवा को निलंबित रखने की आवश्यकता थी।
ये कार्य कई वर्षों से लंबित पड़े हुए थे और रेलवे के सामने गंभीर चुनौतियां उत्पन्न कर रहे थे। रेलवे ने लॉकडाउन की अवधि को एक अवसर के रूप देखा और बचे हुए रख-रखाव कार्यो का निपटारा करने और रेल सेवा को प्रभावित किए बिना काम का निष्पादन करने की योजना बनाई। रेलवे के लिए परोक्ष रूप से काम करने वाले योद्धाओं ने कोविड-१६ महामारी के कारण यात्री सेवाओं के स्थान का लाभ उठाकर लंबे समय से लंबित पड़ी २०० से ज्यादा रख-रखाव परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें पुराने पुलों की मरम्मत और पुनः गर्डरिंग और यार्ड री-मॉडलिंग, रेल लाइनों का दोहरीकरण और विद्युतीकरण और कैंची क्रॉसओवर का नवीकरण शामिल हैं।

## टॉपरों के घर तक बनवाई जाएगी पक्की सड़कें : केशव प्रसाद मौर्य



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। यूपी बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले हाईस्कूल और इंटर के २०-२० विद्यार्थियों को सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सौगात दी है। उप मुख्यमंत्री ने शनिवार दिनांक २७.०६.२०२० को सर्किट हाउस से ऐलान किया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में टॉप करने वाले पहले २० विद्यार्थियों के घर तक पक्की सड़क बनवाई जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को सर्किट हाउस में पौधरोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री से कार्यक्रम के दौरान मीडिया ने जब पूछा कि परीक्षा परिणाम आने के बाद परीक्षार्थियों को क्या सौगात देंगे तो उन्होंने कहा कि हाईस्कूल के टॉप-२० और इंटर के टॉप-२० परीक्षार्थियों के घर तक पक्की सड़क बनवाई जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधे रोपने के साथ साथ हमारी जिम्मेदारी यह भी है कि हम इसकी देखभाल करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे पौधों को सींचने की जिम्मेदारी उठाएं। संकल्प लें कि कोई भी पौध सूखने नहीं देंगे। डिप्टी सीएम ने प्रयागराज की तमाम योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया।

## केंद्र सरकार के सभी प्रावधानों पर लागू हो अनलॉक-२: सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। एक जुलाई से शुरू हो रहे अनलॉक-२ में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र द्वारा दिए गए सभी प्रावधान लागू किए जाएंगे। सभी गतिविधियां केंद्र के प्रावधानों के अनुरूप ही संचालित होंगी। मंगलवार दिनांक ३०.०६.२०२० को मुख्यमंत्री योगी अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार के सभी प्रावधानों का अध्ययन करते हुए पूरी तैयारी के साथ अनलॉक-२ व्यवस्था को लागू किया जाए। उन्होने कहा कि कोविड-१६ के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सावधानी व सतर्कता बरतना आवश्यक है क्योंकि कोरोना संक्रमण का उपचार बचाव ही है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कोविड हेल्प डेस्क में इंफ्रारेड थर्मामीटर एवं पल्स ऑक्सीमीटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई २०२० से प्रारंभ हो रहा है और संचारी रोग के साथ - साथ कोविड-१६ को नियंत्रित करने में स्वच्छता की अहम भूमिका है। इसके लिए मिशन मोड पर ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए।

### अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, अनलॉक-२ का पूरी तरह पालन करें, उचित दूरी बनाए रखें और अति आवश्यक कार्य हेतु ही बाहर निकलें।

- प्रधान संपादक

## गरीब कल्याण रोजगार अभियान की प्रगति पर रेल मंत्रालय ने की समीक्षा बैठक

प.सू.का/नई दिल्ली। क्षेत्रीय रेलवे कार्यालयों और रेलवे पीएसयू के साथ रेल मंत्री ने दिनांक २४ जून, २०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की, इस बैठक के दौरान गरीब कल्याण रोजगार अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। बतादें की २० जून को प्रधानमंत्री द्वारा शुभारम्भ के बाद से गरीब कल्याण रोजगार अभियान छह राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा और झारखंड के ११६ चिह्नित जिलों में परिचालन में है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने गरीब कल्याण रोजगार अभियान की प्रगति के संबंध में महाप्रबंधकों और मंडल रेल प्रबंधकों और पीएसयू के प्रबंध निदेशकों के साथ के वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए यादव ने क्षेत्रीय रेलवे को हर जिले के साथ ही राज्यों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए, जिससे राज्य सरकारों के साथ बेहतर समन्वय कायम किया जा सके। यादव ने क्षेत्रीय स्तर के रेलवे प्रशासन को परियोजनाओं से प्रवासियों का



जुड़ाव सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने और इस क्रम में भुगतान करने के निर्देश दिए। रेलवे ने ऐसे रेल कार्यों की भी पहचान की है, जिन्हें मनरेगा के माध्यम से पूरा कराया जा सकता है। ये कार्य (१) लेवल क्रॉसिंग के लिए संपर्क मार्गों के निर्माण एवं रखरखाव, (२) रेल पटरियों से सटे अवरुद्ध जलमार्गों, खाइयों और नालियों के विकास और उनकी सफाई,(३) रेलवे स्टेशनों को जाने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण तथा रखरखाव, (४) मौजूदा रेलवे तटबंधों/ कटाव (कटिंग्स) की मरम्मत और चौड़ीकरण, (५) रेलवे की भूमि पर बड़ी सीमाओं पर वृक्ष लगवाना और (६) मौजूदा तटबंधों/कटाव/सेतुओं के लिए सुरक्षा कार्यों से संबंधित हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-१९ महामारी संकट से प्रभावित प्रवासी कामगारों की बड़ी संख्या में घर वापसी को देखते हुए क्षेत्रों/गांवों में सशक्त बनाने और आजीविका उपलब्ध कराने के उद्देश्य से २० जून, २०२० को गरीब कल्याण रोजगार अभियान नाम से एक व्यापक रोजगार-सह-ग्रामीण सार्वजनिक कार्य मुहिम का शुभारम्भ किया था।

प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत टिकाऊ ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए ५०,००० करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी। एक मिशन के रूप में काम किया जाएगा, जिसमें ६, ११६ जिलों में घर लौटने वाले प्रवासी कामगारों को ध्यान में रखते हुए २५ श्रेणियों के कार्यों/ गतिविधियों के कार्यान्वयन पर जोर शामिल होगा।

इस अभियान के दौरान ५०,००० करोड़ रुपये के सार्वजनिक कार्य कराए जाएंगे।

## पीएम केयर्स फंड के अंतर्गत दिए जाएंगे ५०,००० मेड इन इंडिया वेंटिलेटर

प.सू.का/नई दिल्ली। पीएम केयर्स फंड ट्रस्ट ने सभी राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाए जा रहे कोविड अस्पतालों को ५०,००० 'मेड इन इंडिया' वेंटिलेटर की आपूर्ति के लिए २,००० करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसके अलावा प्रवासी कामगारों के कल्याण के लिए १,००० करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। ५०,००० वेंटिलेटर में से ३०,००० वेंटिलेटर एम/एस भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा बनाए जा रहे हैं। बाकी २०,००० वेंटिलेटर एग्वा हैल्थ केयर (१०,०००), एएमटीजेड बेसिक (५,६५०), एएमटीजेड हाई एंड (४,०००) और एलायड मेडिकल (३५०) द्वारा बनाए जा रहे हैं। अभी तक २,९२३ वेंटिलेटर बनाए जा चुके हैं, जिनमें से १,३४० वेंटिलेटरों की आपूर्ति राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को कर दी गई है। वेंटिलेटर हासिल करने वाले प्रमुख राज्यों में महाराष्ट्र (२७५), दिल्ली (२७५), गुजरात (१७५), बिहार (१००), कर्नाटक (९०), राजस्थान (७५) शामिल हैं। जून, २०२० के अंत तक सभी को अतिरिक्त १४,००० वेंटिलेटर की आपूर्ति कर दी जाएगी।

सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को २०११ की जनसंख्या के लिए ५० प्रतिशत भार, पजिटिव कोविड-१९ मामलों की संख्या के लिए ४० प्रतिशत भार और सभी को समान रूप से १० प्रतिशत के फॉर्मूले के आधार पर कोष का वितरण किया गया है। इस सहायता को प्रवासियों के आश्रय, खाना, चिकित्सा उपचार और परिवहन की व्यवस्था में उपयोग किया जाना है।

इस धनराशि को हासिल करने वालों में महाराष्ट्र (१८१ करोड़), उत्तर प्रदेश (१०३ करोड़ रुपये), तमिलनाडु (८३ करोड़ रुपये), गुजरात (६६ करोड़ रुपए), दिल्ली (५५ करोड़ रुपये), पश्चिम बंगाल (५३ करोड़ रुपये), बिहार (५१ करोड़ रुपये), मध्य प्रदेश (५० करोड़ रुपये) राजस्थान (५० करोड़ रुपये) और कर्नाटक (३४ करोड़ रुपये) प्रमुख हैं।

## रेलवे ने बनाए १.६१ लाख पीपीई गाउन ७.३३ लाख मास्क

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल अन्य मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ समन्वय के माध्यम से अपने अग्रणी स्वास्थ्य कर्मचारियों और अन्य परिचालन कर्मचारियों को कोविड-१९ महामारी से सुरक्षा उपलब्ध कराने की चुनौती से पार पाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उसके द्वारा अपनी सुविधाएं तैयार करने या सुधार करने के लिए समन्वित तरीके से अपने सभी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। रेलवे खुद ही पीपीई कवरऑल्स, सैनिटाइजर, मास्क, कॉट्स (पलंग) का विनिर्माण किया है। इन सामानों के विनिर्माण के लिए कच्चे माल की खरीद भी क्षेत्रिय इकाइयों द्वारा की गई है। भारतीय रेल के द्वारा २४/०६/ २०२० तक १.६१ लाख पीपीई गाउन, ६६.४ किलोलीटर सैनिटाइजर, ७.३३ लाख मास्क आदि का विनिर्माण किया जा चुका है। जून और जुलाई महीने के लिए १.५ लाख (प्रति महीने) पीपीई कवरऑल बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। लॉकडाउन के दौरान कच्चे माल और विनिर्मित उत्पादों की केन्द्रीयकृत खरीद और वितरण जैसे अत्यंत कठिन कार्य को इन परीक्षण के अधीन हालातों में संपन्न किया गया। पीपीई कवरऑल गाउनों के विनिर्माण में आवश्यक कच्चे माल की केन्द्रीयकृत खरीद के लिए उत्तर रेलवे को नामित किया गया है। सभी इन-हाउस (रेलवे में) विनिर्मित उत्पाद सभी लागू गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं। रेलवे की तैयारियों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से रेलवे की सभी इकाइयों की आव यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तर रेलवे द्वारा केन्द्रीय रूप से एमएस एचएलएल लाइफ केयर (एमओएचएफ डब्ल्यू के तहत आने वाला पीएसयू) पर पीपीई कवरआल (२२ लाख), एन९५ मास्क (२२.५ लाख), हैंड सैनिटाइजर ५०० मिली (२.२५ लाख) और अन्य सामानों के लिए ऑर्डर दिया है।

## कोरोना वायरस से ठीक होने की दर भारत में करीब ६० फीसदी

रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। कोविड-१९ के प्रसार की रोकथाम और उपचार में किए जा रहे केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयास से कोरोना वायरस संक्रमितों की रिकवरी दर बढ़कर ५६.४३ प्रतिशत हो गई है। १ जुलाई को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश में कोरोना संक्रमण के २,२०,११४ सक्रिय मामले हैं और ३,४७,९७८ कोरोना संक्रमित मरीज पूरी तरह ठीक हो चुके हैं, जिससे संक्रमण मुक्ति की दर बढ़कर ५६.४३ प्रतिशत हो गई है। संक्रमण मुक्त मरीजों और सक्रिय मामलों का फासला बढ़कर अब १,२७,८६४ हो गया है। लोगों की पहचान के लिए जांच सुविधा उपलब्ध कराने वाले लैब की संख्या भी लगातार बढ़ती हुई १०५६ हो गई है, जिससे नमूना जांच की गति भी तेजी हुई है। फिलहाल देश में अब तक ८८,२६,५८५ नमूनों की जांच की जा चुकी है।

## प्रयागराज मंडल में ६१ कर्मचारी हुए सेवा निवृत्त

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। रेल प्रशासन द्वारा सूचित किया जाता है कि, प्रयागराज मंडल में दिनांक ३०.०६.२०२० को ०१ अधिकारी सहायक मंडल इंजीनियर एस के पाराशर तथा ६१ कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए। मंडल रेल प्रबन्धक के कुशल नेतृत्व के फलस्वरूप सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों को सेवा माह के अन्तिम दिन ही गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल, मानार्थ पास, मेडिकल कार्ड एवं समापन भुगतान का विवरण दिया जाने लगा है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के कारण मंडल कार्यालय में किसी तरह का को कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। संरक्षा विभाग में वरिष्ठ संरक्षा सलाहकार /ट्रैफिक मु. अबरार को सेवा निवृत्त होने के अवसर पर भावभीनी बिदाई दी गई।

प्रयागराज मंडल में दिनांक ३०.०६.२०२० को ६१ कर्मचारियों में से ०३ कर्मचारियों को दुर्घटना रहित सेवा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र उनके अंतिम कार्य दिवस पर प्रदान किया गया। प्रयागराज मंडल अंतिम कार्य दिवस पर यह पुरस्कार प्रदान करने वाला उत्तर मध्य रेलवे में प्रथम एवं भारतीय रेलवे में अग्रणी मंडल है।

## कुत्ते को लेकर दो पक्षों में मारपीट

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कर्नलगंज थाना क्षेत्र के चैथम लाइन में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक महिला एक पुरुष घायल हो गए। कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुँच कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। चौथम लाइन में दिनांक २५.०६.२०२० गुरुवार सुबह ११ बजे कुत्ते को डांटने को लेकर बंशी गुप्ता, सरला देवी और पवन कुमार राजू कुमार भारतीया अर्जुन व अनिल कुमार के बीच बहस हो गई। दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। जिसमें सरला और अनिल के सिर पर चोटें आई। पुलिस ने इस मामले में बंशी गुप्ता, राजू भारतीया, पवन कुमार, अर्जुन और अनिल को गिरफ्तार किया है।

सम्पादकीय

# लॉकडाउन और अनलॉक

जुलाई ०१ यानि आज से देश नए फेज में प्रवेश कर रहा है जिसे अनलॉक २.० नाम दिया गया है। घरों में बंद लोगों को यह उम्मीद रही होगी कि अनलॉक १.० में जितनी छूटें मिली थीं, उतनी ही और छूटें इस दूसरे अनल क में भी मिलेंगी और बंदिशें इतनी कम हो जाएंगी कि थोड़ी सावधानियों के साथ वे सामान्य जीवन में प्रवेश कर पाएंगे। लेकिन अनल क २.० जिसमें नाइट कर्फ्यू की अवधि में दो घंटे की कमी और दुकानों के अंदर पांच से ज्यादा व्यक्ति के प्रवेश जैसी छूटों तक ही सिमट कर रह गई। अगले आदेश तक मॉल, मेट्रो और जिम का बंद रहना लेकिन बहुतों को बड़ी तकलीफ देगा। दरअसल अनलॉक १.० में मिली छूटों के बाद बड़ी लापरवाही देखने में आई, उसे देखते हुए अभी और ज्यादा छूट देना घातक हो सकता था। लेकिन कुछ लोग अभी भी छूट मिल जाने के बावजूद जब तक बहुत जरूरी न हो, घर से निकलने की इच्छा को दबाए रखने में ही अपनी भलाई समझी है, बीमारी के वास्तविक स्थिति की बात करें तो हालात पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण हुए हैं। बावजूद इसके रोजाना लगभग चार सौ लोगों की मौत दिल दहला देने वाली है। बिना किसी अचूक दवा के तीन स्तरों पर बीमारी से लड़ाई चल रही है। कुल मिलाकर सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल की स्थिति में भी ये कोरोना से युद्ध को कम से कम नुकसान के साथ अधिक से अधिक लंबा खींचने के उपाय ही हैं। मामले ज्यादा गंभीर नहीं होते उनमें पैरासीटामॉल देकर बुखार नियंत्रित रखते हैं और विटामिन सी के जरिये शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने का इंतजाम करते हैं। उनमें रेमडेसिविर देकर शरीर में वायरस की ग्रोथ धीमी करने और स्टेर यड डेक्सामेथासोन के जरिए फेफड़ों को कामकाजी हालत में रखने की रणनीति अपनाई जाती है।

# १५ जुलाई तक भर सकेंगे अब इविवि का फॉर्म

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में नए शैक्षिक सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए राहत की खबर है। कोरोना के समय जिन छात्रें ने किन्हीं कारणों से अब तक आवेदन नहीं कर पाये थे, अब वह भी ऑनलाइन आवेदन ३० जून के बाद कर सकेंगे। बतादें कि इविवि प्रशासन ने आवेदन की तिथि ३० जून से बढ़ाकर अब १५ जुलाई कर दी है। यह निर्णय सोमवार दिनाक २६.०६.२०२० को प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. प्रशांत अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक में लिया गया। इसके साथ ही जुलाई के पहले सप्ताह से क्रेट के लिए आवेदन शुरू करने पर चर्चा हुई। इविवि में शैक्षिक सत्र २०२०-२१ में पीजी, यूजी एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए २५ मार्च से ही ऑनलाइन आवेदन शुरू हुए थे। जिसके बाद तमाम छात्र नेताओं ने विरोध शुरू कर दिया था। दाखिले के लिए एक अगस्त से प्रवेश परीक्षाएं प्रस्तावित हैं।

# सावन में कोरोना की काली छाया

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। सावन और सोमवार का इस बार अद्भुत संयोग है लेकिन कोविड के संक्रमण की वजह से भोले भक्तों को भगवान से दूर ही रहना पड़ेगा। सावन में कामनाओं की पूर्ति के लिए व्रत रखकर कोई सौ किमी नंगे पैर पैदल चलकर लोग महादेव को जलाभिषेक करने जाते थे कोई भोले नाथ को प्रसन्न करने के लिए दौड़ते हुए तो लेट कर हाजिरी लगाता था, लेकिन इस बार सबकुछ स्थगित रहेगा। वहीं कांवड़ यात्राएं भी नहीं ही निकलेंगी। जलाभिषेक के लिए सोमवार से लगने वाली भीड़ के अनुमान को लेकर प्रशासन ने शिव मंदिरों में संक्षिप्त पूजा के लिए मंदिर प्रबंधनों से चर्चा शुरू कर दी है। बतादें की इस बार सावन छह जुलाई सोमवार से आरंभ होकर तीन अगस्त सोमवार को ही खत्म होगा। जिसमें पूरे पांच सोमवार पड़ रहे हैं। ऐसे में शिव मंदिरों में सरकार की गाइड लाइन के अनुसार दर्शन पूजन कराने की तैयारियां की जा रही हैं और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए सावन में दर्शन-पूजन कराया जाएगा।

# शुरू हुई प्रयागराज जंक्शन पर तत्काल टिकटों की बिक्री

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जंक्शन पर तत्काल टिकट की बुकिंग १०० दिन के बाद बार फिर शुरू हुई। पिछले दिनों ३० जून से रेलवे द्वारा तत्काल बुकिंग करने की बात कही गई थी। वहीं यात्रियों को जानकारी ना होने की वजह से प्रयागराज एक्सप्रेस से ३० जून के लिए सिर्फ एक टिकट ही बुक हुआ। बतादें की २२ मार्च से ही सभी यात्री ट्रेन निरस्त होने की वजह से रेलवे ने तत्काल टिकट की बुकिंग पर रोक लगा दी थी। वहीं अनलॉक होने के बाद १ जून से देशभर में प्रयागराज समेत १०० जोड़ी ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ जबकि पिछले माह रेलवे द्वारा कुछ राजधानी स्पेशल ट्रेनों को भी शुरू किया गया। लेकिन इन ट्रेनों में तत्काल टिकट की बुकिंग नहीं हो रही थी।

# १८१ केंद्रों पर २६ जुलाई को होगी बीएड कि प्रवेश परीक्षा

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड में दाखिले की जिम्मेदारी इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय को मिली है। इसके लिए पूरे प्रदेश में २६ जुलाई २०२० को प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित है। जिसके बाद प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय ने परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया में तेजी दिख रही है। वहीं इस बार मंडल के १८१ केंद्रों पर परीक्षा सम्पूर्ण कराने की तैयारी है।

केंद्र निर्धारण की रिपोर्ट बनाकर पीआरएसयू जल्द ही लखनऊ विश्वविद्यालय को भेजेगा। बता दें कि सत्र २०२०-२२ में बीएड में दाखिले के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने १४ फरवरी से ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। आवेदन की अंतिम तिथि ११ मार्च थी। वहीं प्रयागराज मंडल में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) विश्व विद्यालय को नोडल बनाया गया है।

शेषनाथ पांडेय विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। मंडल में कुल १८१ परीक्षा केंद्र बनाए जाने है। सबसे ज्यादा प्रयागराज में १५६, प्रतापगढ़ में १५ कौशाम्बी एवं फतेहपुर में ५-५ केंद्र बनाए जाएंगे। हरेक सेंटर पर अधिकतम ३०० छात्र-छात्राओं को ही बैठने की अनुमति होगी। २६ जून तक केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# यूपी बोर्ड १०वीं व १२वीं के नतीजों में इस बार भी छात्राओं ने मारी बाजी

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। यूपी बोर्ड के १०वीं व १२वीं के नतीजे घोषित हो चुका है। इसकी घोषणा दिनांक २७.०६.२०२० को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने लखनऊ के लोकभवन में प्रेस कांफ्रेंस कर की। उन्होने कहा कि इस बार १०वीं व १२वीं की परीक्षा में कुल ५१,३०,४८१ परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें १०वीं में २७,४४,६७६ परीक्षार्थी व १२ में २३,८५, ५०५ परीक्षार्थी शामिल थे। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार के परिणाम अच्छे रहे। जिसके बाद यूपी सरकार ने टॉपर्स को तोहफे में लैपटॉप देने को कहा। इसके अलावा एक लाख रुपये की सहायता राशि भी दी जाएगी और २० टॉपर्स के घर तक पक्की सडक बनाई जाएगी। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने



कहा कि इस बार भी बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों से अधिक है। १०वीं क्लास में २३ लाख ६८२ छात्र पास हुए हैं। १०वीं क्लास में ८३.३ प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। इंटर में कुल १८ लाख ५४ हजार ६६ छात्र पास हुए हैं। दवीं में ८३. ३१ रिजल्ट रहा। इसमें लड़कों का रिजल्ट ७६.८८% और लड़कियों का रिजल्ट ८७.२६% रहा है। बतादें कि हाईस्कूल में रिया जैन और भारत भूषण ने टॉप किया है। दोनों के ही ६६. ६७ अंक हैं। दोनों जिला बागपत के बडौत के रहने वाले हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से छह की मौत

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। आकाशीय बिजली ने प्रयागराज में जमकर कहर ढाया। जिले के यमुनापार इलाके में गुरुवार दिनांक २५.०६.२०२० को वज्रपात से अलग-अलग स्थानों पर छह लोगों की जीवन लीला समाप्त हो गई वहीं चार लोग झुलस भी गए। करछना में जहां तीन लोगों की मौत हुई वहीं मांडा, खीरी और कौंधियारा में एक-एक जान गई है। सूत्रों के अनुसार करछना के तेविरिया खुर्द गांव में गुरुवार दोपहर दो बजे झमाझम बारिश शुरू हुई तो बाग में आम बिनने के लिए जुटे पांच लोग पेड़ के नीचे खड़े हो गए। बताया जा रहा है कि उसी महुआ के पेड़ पर ही आका ीय बिजली गिर गई। आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह मांडा के टिकरी कला गांव में गुरुवार दोपहर गांव का ही रमेश की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।

# गृह पत्रिका 'प्रगति पथ' का ऑन लाइन विमोचन संपन्न

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक गौतम बनर्जी ने राजभाषा विभाग, मुख्यालय ,बिलासपुर की गृह पत्रिका, ''प्रगति पथ'' के १६ वें अंक का विमोचन ०१ जुलाई, २०२० को ऑन लाइन विभागीय बैठक के दौरान किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों की ऑन लाइन उपस्थिति रही. सचिव/महाप्रबंधक हिमांशु जैन की बैठक प्रस्तावना के बाद मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सिगनल इंजीनियर एस.के.सोलंकी ने महाप्रबंधक से पत्रिका विमोचन के लिए आग्रह किया। उन्होंने पत्रिका में शामिल महत्वपूर्ण गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी तथा आगामी माह से मासिक ई-हिंदी बुलेटिन प्रकाशित करने की भी जानकारी दी। सभी उपस्थित सदस्यों ने पत्रिका की सराहना की और बधाई दी।

## अस्पताल में साफ-सफाई व सावधानियों का विशेष ध्यान रखा जाये-सुरेश कुमार खन्ना



सूचना विभाग प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रयागराज में भ्रमण के दौरान एसआरएन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। दिनांक २५.०६. २०२० निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चन्द्र गोस्वामी एवं मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य एस०पी० सिंह मौजूद थे। मंत्री ने एसआरएन हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य से कोविड १६ से संक्रमित भर्ती मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी ली साथ ही उन्हें जिस वार्ड में रखा गया है, वहां की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि भर्ती मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए व उनकी देखभाल की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए उन्होंने मरीजों की देखभाल में लगे सभी स्वास्थ्य कर्मियों व डॉक्टरों की इस महामारी के दौरान किये गये कार्यो की सराहना की और कहा कि मानव सेवा ही सर्वोपरी है। उन्होंने एसआरएन के प्रधानाचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखा जाय।

## जन समस्याओं का हो समयबद्ध निस्तारणः केशव प्रसाद मौर्य



सूचना विभाग प्रयागराज। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिनांक २७.०६. २०२० को पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष २५ करोड़ पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी लोग अपना सहयोग प्रदान करें। उपमुख्यमंत्री ने प्रयागराज के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस लोक निर्माण विभाग की ६६१ करोड़ की लागत की ५६६ परियोजनाओं का डिजिटली लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें।

## सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर रेस्टोरेंट स्वामी के विरूद्ध की गयी कार्रवाई

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोविड वायरस की रोकथाम के अन्तर्गत जनपद प्रयागराज में संचालित रेस्टोरेंट की जांच के निर्देश दिये गये है, जिसके अन्तर्गत जांच के दौरान यह पाया गया कि शरद शुद्ध शाकाहारी भोजनालय, स्टेशन चौराहा, खुल्दाबाद, प्रयागराज के स्वामी शरद गुप्ता द्वारा निर्गत धारा १४४ दं०प्र०सं० संहिता का उल्लघंन करते हुये भोजनालय का संचालन किया जा रहा था। जांच के दौरान यह पाया गया कि भोजनालय में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा था और भोजनालय के स्टाफ एवं बैंठे व्यक्तियों द्वारा फेस कवर नहीं किया गया था, जिसके दृष्टिगत शरद भोजनालय के स्वामी शरद गुप्ता के विरूद्ध थाना खुल्दाबाद, प्रयागराज में धारा १८८ भा०दं०वि० के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी और उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। समस्त होटलों एवं रेस्टोरेंट आदि की जांच किये जाने हेतु सभी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये गये है।

## लोन देने में न करें आनाकानी -डीएम

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। डीएम भनुचंद्र गोस्वामी ने नगर निगम और डूडा के अधिकारियों की बैठक ली। शनिवार दिनांक १३.०६.२०२० को को इस दौरान उन्होंने कहा कि दूसरे शहरों से आए प्रवासी कामगार अगर स्वरोजगार के लिए लोन लेना चाहते हैं तो उन्हें समय से लोन मुहैया कराया जाए। उसमें बैंक या डूडा के अधिकारी आनाकानी न करें। उनको प्रशिक्षित भी कराया जाए।

## ८५ फीसदी डिप्रेशन के मामले खुद हो जाते हैं ठीक

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। दिमाग शांत रहे तो डिप्रेशन भी समाप्त हो जाता है। लोगों का डिप्रेशन अपने आप ८५ फीसदी ठीक हो जाता है और बाकी १५ फीसदी लोगों को दवा देकर ठीक करना पड़ता है। रीजेंसी अस्पताल कानपुर के मनो-चिकित्सक डॉ० आलोक बाजपेयी ने राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय की ओर से आयोजित वेबिनार में यह बात कही। अवसाध के रहस्यों का अनावरण विषय पर आयोजित वेबिनार की संयोजक एवं कॉलेज की प्राचार्य डॉ० रंजना त्रिपाठी ने कहा कि कोविड-१६ के दौर में लोगों के अवसादग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। डॉ० ज्योत्सना सिंह, डॉ० सौरभ टंडन, ध्रुवराज शर्मा, दयाशंकर सिंह, डॉ० नीलम वोहरे, डॉ० मंजू सिंह ने भी अपने विचार रखे।

## थर्मल कैमरों के लिए रेलवे ने चीनी कंपनी के साथ टेंडर किया रद्द

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। चीन के साथ रेलवे ने थर्मल कैमरा खरीदने के लिए निविदा को रद्द कर दिया है। कई विक्रेताओं से मिली प्रतिक्रिया के बाद यह कदम उठाने का फैसला लिया गया है। उपकरण की खरीद को उनका कहना था कि जो चीजें मांगी गई हैं, उससे चीनी कंपनियों को लाभ होगा। बतादें कि रेलवे का उपक्रम रेल टेल ने ८०० कृत्रिम मेधा आधारित निगरानी कैमरे के लिए पिछले महीने निविदा जारी की थी। यह कैमरे शरीर का तापमान मापने के साथ यह भी पता लगा सकते हैं कि व्यक्ति ने मास्क पहना है या नहीं। सूत्रों के अनुसार रेलटेल के प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की कि कंपनी ने पैनल में शामिल कारोबारी इकाइयों के लिए रूचि पत्र आमंत्रित किए थे। वहीं सूत्रों के अनुसार कई भारतीय आपूर्तिकर्ताओं के पत्र के बाद निविदा को रद् कर दिया गया। पत्रों में आशंका जतायी गई थी कि जो चीजें चीन से मांगी गई हैं, उससे चीन की कंपनी हिकविजन को भी लाभ मिल सकता है। हिकविजन दुनिया की सबसे बड़ी वीडियो निगरानी कंपनी है।

## जल्द बिछेगी गांवों में पीएनजी पाइप लाईन

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। नगरी क्षेत्रों के बाद पीएनजी की सुविधा अब जल्द ही ग्रामीण इलाकों के लोगों को भी मिलेगी। गंगापार और यमुनापार में अगस्त के बाद पीएनजी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा। पीएनजी का लाभ दीपावली के पहले ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मिलने लगेगा। सूत्रों के अनुसार डीजीएम कर्मेद्र सिंह ने बताया कि गंगापार और यमुनापार के तीन-तीन ब्लाकों में जल्द ही पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। शहरी क्षेत्रों में लगभग ६०० किमी लंबी पाइप लाइन बिछ चुकी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रें में शुरुआती दौर में लगभग २००० किमी पाइप लाइन बिछाने की योजना तैयार हो रही है। कौन सा ब्लॉक पहले पीएनजी के लिए चयनित किया जाएगा जिला प्रशासन के साथ बैठक कर सुनिश्चित कर लिया जाएगा। यह एलपीजी गैस की तुलना में बहुत सस्ती होती है।

## निजी हाथों में होगी प्रयागराज जंक्शन और कानपुर सेंट्रल की देखरेख

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर सेंट्रल और प्रयागराज जंक्शन स्टेशन की देखरेख अब निजी हाथों में होगी। देश के चुनिंदा स्टेशनों की व्यवस्था रेलवे ने निजी हाथों में देने की तैयारी शुरू कर दी है जिसमें उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन और कानपुर सेंट्रल भी शामिल हैं। उत्तर मध्य रेलवे के ग्वालियर व देश के अन्य तीन स्टेशन जिसमें नागपुर, अमृतसर और साबरमती स्टेशन शामिल हैं रेलवे ने इंडियन रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से निजी हाथों में सौंपने की कवायद शुरू कर दी। निजी क्षेत्र की कई कंपनियों ने स्टेशनों की देखरेख के लिए दिलचस्पी दिखाई है। अगले चरण में यह चर्चा है कि प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल को भी रेलवे की ही इकाई के माध्यम से निजी हाथों में दिया जा सकता है। लेकिन विकास और व्यवस्था की जिम्मेदारी कंपनी के पास होगी। सूत्रों के अनुसार मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि दोनों स्टेशनों पर फैसला रेलवे बोर्ड को करना है।

## शुरू हुई प्रयागराज-गोरखपुर के बीच विमान सेवा

रे.स.ब्यू./सूत्र। प्रयागराज और गोरखपुर की हवाई सेवा दिनांक २६.०६.२०२० शुक्रवार से फिर शुरू हो गई है। दोनों शहरों के बीच हवाई सफर एक घंटा पांच मिनट में पूरा होगा। दोनों शहरों के बीच लॉकडाउन के बाद २५ जून से उड़ान शुरू करने की योजना बनी थी, लेकिन कुछ कारणों से इसे एक दिन टाल दिया गया था। बतादें कि देश में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए २५ मार्च से सभी घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी। वहीं इंडिगो एक जुलाई से कोलकाता, बंगलूरू, रायपुर की विमान सेवा शुरू करने की तैयारी में है। इनके टिकट भी मिलने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार एयरपोर्ट के निदेशक सुनील यादव ने बताया कि कई शहरों के लिए हवाई टिकट मिल रहे हैं लेकिन सेवा शुरू करने के पहले केंद्र सरकार की सहमति जरूरी है।

## गरीबों को तीन माह और मुफ्त दिया जाए अनाज




रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। कोरोना महामारी के संकट एवं सख्त लॉकडाउन के कारण पैदा हुए हालात के मद्देनजर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मुफ्त अनाज देने की मियाद अगले तीन महीने के लिए बढ़ाई जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में जोर दिया कि उन गरीब परिवारों को अस्थायी राशन कार्ड मुहैया कराए जाएं, जो योजना से बाहर हैं। सोनिया ने कहा तीन महीने के सख्त लॉकडाउन के कारण करोड़ों नागरिकों के गरीबी के दायरे में आने का खतरा पैदा हो गया है। इसके चलते शहरी और ग्रामीण गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा का संकट पैदा हो गया है। कोरोना संकट की शुरुआत के बाद सरकार ने कहा था कि खाद्य सुरक्षा कानून के तहत अप्रैल-जून के दौरान हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम अनाज मुफ्त दिया जाएगा।

## स्नेहा ने संगीत प्रतियोगिता में मारी बाजी

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। संस्कार वाटिका की तरफ से आयोजित संगीत प्रतियोगिता में १८ वर्ष से कम आयु वर्ग में शहर की स्नेहा प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं लखनऊ की दीपाली ने १८ से ३० वर्ष के आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परिणामों की घोषणा दिनांक २७.०६.२०२० को हुई। लॉकडाउन को उपयोगी बनाने के लिए संस्कार वाटिका की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत के परिणाम की घोषणा शनिवार को व इस इंडिया किड्स २०१६ की विजेता व सुपरस्टार सिंगर २०१६ की फाइनलिस्ट रही निष्ठा शर्मा ने किया। निष्ठा ने संस्कार वाटिका कार्यों की सराहना की और बाद में घर मोरे परदेसिया के साथ कई गानों की प्रस्तुति दी। अध्यक्ष अभिनव शर्मा ने सभी को धन्यवाद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आशीष सिंह श्रीनेत, वासुदेव ओझा, अंकित पाठक, पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## लापरवाही पड़ सकती है भारी



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा। दो महीने तक घरों में रहने के बाद जब लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली तो उनको लगा कि अब वे पूरी तरह कोरोना मुक्त हो चुके हैं। जिस तरह बाजारों में भीड़ उमड़ रही है, बिना फिजिकल डिस्टेंसिंग व मास्क के यह बात लोगों को समझ में नहीं आ रही कि राहत उनको जरूरी काम के लिए मिली है, घूमने फिरने के लिए नहीं। दुकानों पर तो सन्नाटा नजर आता है लेकिन सड़क पर भीड़ पूरे जो । में रहती है।ऐसा करके लोग समझ नहीं रहे कि वे खुद अपने लिए ही नहीं बल्कि अपने परिवार के लिए भी खतरा मोल ले रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम जरूरी हो तभी घर से निकलें। खुद सुरक्षित रहें और दूसरों के लिए भी खतरा न बनें।

## NAVEEN GULATI JOINS AS AGM NORTHERN RAILWAY



RSB/New Delhi: Naveen Gulati (IRSEE, 1986) has taken over as the new Additional General Manager (AGM) of Northern Railway. He succeeds Archana Joshi who has been transferred to Railway Board. Naveen Gulati, B.Tech (Electrical) is a Gold Medalist from IIT BHU. He has extensive experience in designing and production of railway coaches. He was associated with the project for redevelopment of New Delhi Railway Station as World Class facility. While posted at CRIS (Centre for Railway Information Systems), he was instrumental in setting-up the Data Centre. An IT enthusiast, he has contributed to creation of several IT applications for Indian Railways. Prior to joining as AGM NR he has worked as DRM Chennai.

## नहीं चलेंगी १२ अगस्त तक नियमित ट्रेनें



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। रेलवे ने एक्सप्रेस, मेल पैसेंजर और उपनगरीय ट्रेनें १२ अगस्त तक कोरोना संक्रमण को देखते हुए न चलाने का फैसला किया है। साथ ही एक जुलाई से १२ अगस्त के बीच के लिए बुक टिकटों को रद्द कर दिया है। अब इसे करीब डेढ़ महीने और बढ़ा दिया है। रेलवे बोर्ड के अनुसार इस अवधि के लिए बुक हुए टिकटों का रिफंड होगा। रेलवे बोर्ड ने इससे पहले ३० जून तक नियमित ट्रेनों का संचालन न करने का फैसला किया था। इस दौरान १२ जोड़ी राजधानी और १०० जोड़ी मेल/एक्सप्रेस विशेष ट्रेनें चलती रहेंगी।

## यूपीआई पिन का इस्तेमाल करते हैं तो इन बातों का रखें ख्याल

रे.स.ब्यूरो। कोविड काल में भारत सरकार और आरबीआई देश में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दे रहे हैं। देश में साल २०२१ तक डिजिटल लेनदेन चार गुना तक बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। भारत में लोग डिजिटल लेनदेन के लिए यूपीआई का काफी इस्तेमाल करते हैं। यूपीआई के जरिए हर महीने करोड़ों का लेनदेन होता है। इसलिए सुरक्षित लेनदेन के लिए कुछ जरूरी बातें भी जानना आवश्यक है जिनमें आप सुरक्षित एप्लिकेशन पर ही करें यूपीआई पिन का इस्तेमाल करें, सिर्फ पैसे भेजने के लिए डालें यूपीआई पिन और अगर अगर आपको लेनदेन में कोई दिक्कत आ रही है और आपको ग्राहक सेवा से संपर्क करना है, तो केवल पेमेंट एप्लीकेशन का ही इस्तेमाल करें। इंटरनेट पर दिए गए ऐसे फोन नंबर पर कॉल ना करें ।

## जुलाई ०१ से पटरी दुकानदारों को लोन के लिए होगा रजिस्ट्रेशन शुरू

रे.स.ब्यू./सूत्र। पंजीकृत पटरी दुकानदारों को नगर निगम में दस हजार रुपए ऋण मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना में एक जुलाई से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। योजना के क्रियान्यवन के लिए नगर आयुक्त ने बैंकों के साथ बैठक की। फार्म भरने हेतु जोनवार हेल्पडेस्क बनाई गई है, जो ३१ जुलाई तक संचालित रहेगी। नगर निगम मुख्यालय में हुई बैठक में नगर आयुक्त डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैंक आफ इंडिया के विनोद मिश्रा, बैंकर्स में न बैंकिंग फाइनेंस कम्पनी, माइक्रो फाइनेंस इन्स्टीट्यूशन के प्रतिनिधिगण, डूडा के परियोजना अधिकारी, आदि मौजूद रहे।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने को आयुर्वेदिक दवाओं की बढ़ी मांग

रे.स.ब्यूरो। अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कोरोना काल में लोग सारे जतन कर रहे हैं। वहीं लोग अब आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। पहले की तुलना में इस वक्त दालचीनी, तुलसी, गिलोय, काली मिर्च, सोंठ आदि की खूब मांग बढ़ गई है। डॉक्टरों के अनुसार जिन लोगों के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक है, वह कोरोना वायरस से अब तक बचे हैं। और जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है वह आयुर्वेदिक दवाओं एवं जड़ी बूटियों का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। लोग इसका इस्तेमाल कई तरह से कर रहे हैं। गिलोय को भी लोग पानी में उबालकर पी रहे हैं। दुकानदार हरबंस बताते हैं कि पहले से ज्यादा इनकी डिमांड बढ़ गई। लोग अधिक मात्रा में इन जड़ी बूटियों को ले जा रहे हैं।

## ५ राज्यों में भारतीय रेलवे ने किए ६६० कोविड केयर कोच तैनात

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे द्वारा कोविड-१९ के खिलाफ लड़ाई को जारी रखते हुए विभिन्न राज्यों में तैनात किए गए कोविड कोचों में भर्ती किए गए कोरोना रोगियों को देखभाल सेवा प्रदान करना शुरू कर दिया गया है। २० जून २०२० को, वाराणसी मंडल के मऊ जंक्शन पर तैनात कोविड कोच में ४२ संदिग्ध रोगियों को भर्ती किया गया और २१ जून, २०२० को १७ रोगियों को भर्ती किया गया, जिनमें से ८ रोगियों को पहले ही डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब तक भारतीय रेलवे ने ५ राज्यों यानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में कुल ६६० कोविड केयर कोच तैनात किए हैं। कुल ६६० कोविड केयर कोचों में से, ५०३ कोविड केयर कोच दिल्ली में, २० आंध्र प्रदेश में, ६० तेलंगाना में, ३७२ उत्तर प्रदेश में और ५ मध्य प्रदेश में तैनात किए गए हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश में, कुल ३७२ कोविड २३ अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया है, जो कि दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, लखनऊ, वाराणसी, भदोही, फैजाबाद, सहारनपुर, मिर्जापुर, सूबेदारगंज, कानपुर, झांसी, झांसी वर्कशॉप, आगरा, नकहा जंगल, गोंडा, नौतनवा, बहराइच, वाराणसी सिटी, मंडुआडीह, मऊ, भटनी, बरेली सिटी, फर्रुखाबाद, कासगंज हैं।

## मुट्ठीगंज में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। लोहिया पांडेय का हाता मुट्ठीगंज में शनिवार दिनांक २७.०६.२०२० की दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक का नाम सुमित (२० वर्षीय) बताया जा रहा है मौके पर पहुंची पुलिस ने भी छानबीन की लेकिन खुदकुशी की वजह पता नहीं चल सकी। पुलिस के अनुसार कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

# विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



सूचना विभाग प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और प्रयागराज के शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने अपने लखनऊ स्थित सरकारी आवास ६ कालिदास मार्ग पर योग कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस। नन्दी ने कहा कि कोरोना से बचने का और इम्यूनिटी बढ़ाने का सबसे आसान तरीका योग ही है। मंत्री ने कहा कि गौतम बुद्ध ने कहा है कि स्वस्थ होना हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार हैं। स्वास्थ ही सबसे बड़ी सम्पति है और सबसे अच्छा रिश्ता है। नन्दी ने कहा योग विश्व को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की सबसे विशिष्ट एवं अमूल्य देन है, वर्तमान समय में जब पूरा विश्व एक ऐसे महामारी का सामना कर रहा है जिसमें शरीर की रोग प्रतिरक्षण क्षमता में वृद्धि ही रोग से लड़ने में कारगर साबित होती है ऐसे समय में योग की प्रासंगिकता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है हम सभी को अपनी दैनिक जीवन चर्या का अनिवार्य अंग योग को बनाना चाहिए ।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभीतक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# ''मिशन प्रेरणा की पाठशाला'' से सम्बंधित मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



सूचना विभाग प्रयागराज। मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ''मिशन प्रेरणा की पाठशाला'' से सम्बंधित मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न 'दीक्षा एप' पर जून माह तक शिक्षकों का १०० प्रतिशत रजिस्ट्रेशन का कार्य पूर्ण करने के मण्डलायुक्त ने दिए निर्देश २४ जून, २०२० प्रयागराज।

मण्डलायुक्त प्रयागराज आर० रमेश कुमार की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ गांधी सभागार में मिशन प्रेरणा की -पाठशाला से सम्बंधित मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से दीक्षा एप पर हुए शिक्षकों के रजिस्ट्रेशन एवं उनके द्वारा किए जाने वाले शिक्षण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जून माह तक शिक्षकों का १०० प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कार्य पूर्ण करा लें, जिससे पठन - पाठन का ऑन-लाइन कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसके लिए उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को शिक्षकों के साथ एक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिस जिले में रजिस्ट्रेशन का कार्य पूर्ण नहल होगा, वहां के बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवा की जायेगी। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत निर्माण कार्य को सितम्बर माह तक पूरा करा लिये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। इसके अलावा मिड-डे मिल योजना के तहत मिलने वाले भोजन की जगह छात्रों को उसकी राशि सीधे उनके अभिभावकों के खाते में दिए जाने के बारे में भी सम्बंधित अधिकारियों से पूछा और कहा कि जुलाई तक इस कार्य को भी पूर्ण करा लें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों से स्वंय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये और कहा कि शिक्षकों को मोटिवेट करते हुए लक्ष्य को समय से पूर्ण करायें। उन्होंने स्कूलों में पेड़ों के चारों तरफ चबूतरे बनाने का कार्य पूरा कराने के भी निर्देश दिये एवं कहा कि स्कूलों में विभिन्न प्रकार के खेलों के आयोजन हेतु उचित व्यवस्था किया जाये।

# टिड्डी दल ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर रोकी फ्लाइट की रफ्तार

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। बंगलूरू से प्रयागराज को आने वाली फ्लाइट की राह टिड्डी दल ने शुक्रवार को रोक ली। इंडिगो की फ्लाइट तकरीबन सवा घंटे तक इस कारण आसमान में ही चक्कर लगाती रही। टिड्डियों के हटने के बाद एयरपोर्ट रनवे पर यहां फ्लाइट ने दिन में २:२० पर लैंड किया। वहीं प्लेन में बैठे यात्री भी फ्लाइट के प्रयागराज तक के सफर का ज्यादा समय लेने पर परेशान हो गए। शुक्रवार दिनांक २६.०६.२०२० को यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय सुबह १०:४० बजे बंगलूरू से प्रयागराज के लिए उड़ान भारी। फ्लाइट अपने समय पर ही प्रयागराज में लैंड होनी थी, लेकिन एयरपोर्ट के रनवे पर दिन में १:०० बजे के करीब टिड्डी दल आ जाने की वजह से एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने फ्लाइट को रनवे पर लेने से मना कर दिया। जिसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने इंडिगो के पायलट को दी। इस बीच विमान प्रयागराज के काफी करीब भी आ चुका था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल द्वारा सूचना मिलने के बाद इंडिगो की फ्लाइट ने आसमान पर भी चक्कर काटना शुरू कर दिया। टिड्डी दल के हटने के बाद ही करीब दिन में २:२० पर बंगलूरू फ्लाइट यहां लैंड हुई।


वहीं एयरपोर्ट निदेशक सुनील यादव ने बताया कि टिड्डी दल की वजह से फ्लाइट को उतारना सुरक्षित नहीं था।

# बनना होगा हमें आत्मनिर्भर

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। हमारे दैनिक जीवन में चीनी उत्पाद इतने घुल मिल चुके हैं कि अब हम उन जरूरतों के आदी बन चुके हैं और चाहकर भी हम उन्हें अपने जीवन से नहीं हटा सकते हैं। पांच रुप्रये की चिप्स से लेकर हमारे घर के इंटीरियर, हमारे पहनावे तक चीन पहुंच चुका है। हम अपने संसाधनों को शीघ्रता से विकसित करें और भारतीय उद्योग को एक नई दिशा दें। चीन भारत को लगभग ७५ अरब डॉलर का उत्पाद बेचता है। चीन का पूर्ण बहिष्कार करना है तो अब भारत को आत्मनिर्भर बनना होगा। इन संसाधनों का विकास नहीं होता है। देश के हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपनी जरूरतों को सीमित रखना चाहिए।

# ट्रेन परिचालन में संरक्षा हमारी प्राथमिकता

## - राजीव चौधरी



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। उत्तर मध्य और उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ दिनांक ०१.०७.२० को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में, महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने दोनो क्षेत्रीय रेलवे में संरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा की और ट्रेन परिचालन के दौरान संरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संरक्षित और कुशल ट्रेन संचालन के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। उत्तर मध्य रेलवे मालगाड़ियों का परिचालन ५० किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से करने हेतु ट्विन पाइप ब्रेकिंग सिस्टम के माध्यम से माल गाड़ियों के संचालन सहित विभिन्न उपायों पर काम कर रहा है। इस सुविधा से लैस सभी नए मालवाहक वैगनों में पारम्परिक एकल ब्रेक पाइप प्रणाली के स्थान पर दो एयर पाइप अर्थात ब्रेक पाइप (बीपी) और फीड पाइप (एफपी) होते हैं। उत्तर मध्य रेलवे के सभी मण्डलों ने ट्विन पाइप प्रणाली वाली मालगाड़ियों के रेकों का ट्विन पाइप मोड में परिचालन की निगरानी शुरू कर दी है और सिंगल पाइप और ट्विन पाइप वैगनों को अलग - अलग करने का भी प्रयास किया जा रहा है, जिससे और अधिक ट्विन पाइप वाले मालगाड़ियों के रेक बनाये जा सकें। उत्तर मध्य रेलवे में यात्री और मालगाड़ियों के परिचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन को, कोविड -१६ के दौरान ली जाने वाली सावधानियों के साथ सभी संपत्तियों जैसे ट्रैक, रोलिंग स्टॉक, ओएचई, सिगनलिंग, लोकोमोटिव इत्यादि के बहतरीन रखरखाव तथा सभी सुधारात्मक और निवारक रखरखाव गतिविधियों को समय से पूरा करने के कारण ही हासिल किया जा सका।

# कोरोना संक्रमित मिलीं रेलवे गार्ड व उनकी पत्नी

रे.स.ब्यू./सूत्र। गोरखपुर जंक्शन पर तैनात गार्ड और उनकी पत्नी के कोरोना संक्रमित पाए गए है। दोनों को ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि गोरखपुर जंक्शन पर कार्यरत एक गार्ड और उनकी पत्नी की कोरोना रिपोर्ट २३ जून को पजिटिव आई है। जिसके बाद रेल प्रशासन ने उनके संपर्क में आए आठ रेलकर्मियों को होम क्वारंटीन के निर्देश दे दिए थे। दोनों को ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उनके संपर्क में आए अन्य व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

## पूर्व वीसी प्रो. हांगलू की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। पूर्व कुलपति प्रो. आरएल हांगलू की मुश्किलें कुर्सी छोड़ने के बाद भी थमती नजर नहीं आ रही हैं। इविवि प्रशासन ने जांच कमेटी की ओर से मांगे गए पूर्व कुलपति प्रो. हांगलू के खिलाफ सवालों के तीन हजार पेज का जवाब तैयार करके भेज दिया है। बतादें की प्रो. हांगलू के खिलाफ कमेटी ने ४० बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी थी। वहीं अब कमेटी जवाबों का गहन अध्ययन करने के बाद अगला कदम उठाएगी। प्रो. हांगलू पर वित्तीय, प्रशासनिक और शैक्षणिक अनियमितता के आरोप लगे हैं। जानकारों का मानना है कि इसी वजह से ३१ दिसंबर २०१६ को उन्हें कुलपति की कुर्सी छोड़नी पड़ी और इस्तीफे के बाद जांच के लिए इविवि के विजिटर यानी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के निर्देश पर ०३ जनवरी २०२० को एक जांच कमेटी गठित कर दी गई थी । जांच कमेटी में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नागेश्वर राव के अलावा गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमाशंकर दुबे और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्व विद्यालय अमरकंटक (मध्य प्रदेश) के कुलपति प्रो. प्रकाश मणि त्रिपाठी को शामिल किया गया। इसके बाद जांच कमेटी ने इविवि प्रशासन से ४० बिंदुओं पर जवाब मांगा था। अब इविवि प्रशासन ने ४० बिंदुओं पर तीन हजार पेज की कुंडली तैयार कर कमेटी के पास भेज दी है।



हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन

## जिलाधिकारी प्रयागराज ने की नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक



सूचना विभाग प्रयागराज। जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चंद्र गोस्वामी में संगम सभागार में नगर निगम के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत दिए जा रहे लोन एवं अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से स्ट्रीट वेंडर एवं स्वरोजगार जैसे सिलाई बुनाई कढ़ाई ई रिक्शा चालक ऑटो चालक इत्यादि को दिए जा रहे लोन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति को लोन प्राप्त करने में बैंक से या आप की तरफ से किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। इसके लिए आप लोग शासन की गाइड- लाइन्स के तहत बैठकर एक कार्य योजना बना लीजिए। शासन की मंशा के अनुसार कोरोना के कारण बहुत से मजदूर बाहर से आए हुए हैं जिन्हें रोजगार के लिए लोन की आवश्यकता है। इसलिए हमें तत्परता से एवं समय बद्ध तरीके से इस कार्य को पूरा करना है। हमें अपने कार्यों में प्रगति दिखानी होगी एवं साथ ही साथ यह भी ध्यान देना होगा की जिम्मेदार एवं कर्मठ व्यक्तियों को ही एवं जरूरतमंद को लोन समय से दिलाई जा सके। इसके लिए उन्होंने एक रैंडम सर्वे करने के भी निर्देश अधिशासी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में १००० रुपये की सहायता प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत मजदूरों एवं गरीबों को दिया गया है उसको आधार मानते है कम से कम १० प्रतिशत लोगों को लोन देने का टारगेट शीघ्र पूरा करना है। बैठक में नगर आयुक्त रवि रंजन एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।
प्रधान सम्पादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

## प्रयागराज मण्डल में इंटरलॉकिंग के कार्य हुए पूरे



रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। मालगाड़ियों के संचालन हेतु डेडिकेटेड फ्रेटॉ कॉरिडोर से सम्बंधित महत्वपूर्ण कार्य प्रयागराज मण्डल ने दिनांक ३०.०६.२०२० को पूरा कर लिया। ज्ञात हो कि मुगलसराय-कानपुर खंड में डेडिकेटड फ्रेट कोरिडोर बनाने का काम चल रहा है। इस कार्य के मार्ग में ब्लाक हट-के की बिल्डिंग अवरोध उत्पन्न कर रही थी। इस कार्य के अंतर्गत नई बिल्डिंग में नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरल किंग का कार्य सफलता पूर्वक पूरा कर लिया गया। इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल द्वारा गाड़ियों के समय-पालन में सुधार के लिए ट्रेनो के ब्ल क सेक्शन से पूर्ण आगमन को सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज कानपुर खंड के बमरौली- मनौरी, सैयद सरावाँ- मनोहारगंज तथा मनौरी -सैयद सरावाँ स्टेशनों के बीच सिग्नल विभाग द्वारा डुअल बी.पी. ए.सी. लगाया गया है। स्टेशन मास्टर कक्ष में ही ब्लॉक सेक्शन में गाड़ी के होने अथवा उसके खाली होने का इंडिकेशन भी दिया गया है। अब गाड़ी के होने अथवा उसके खाली होने को प्रमाणित करने में होने वाली मानवीय भूल की संभावना को समाप्त कर ब्लॉक सेक्शन में ट्रेन संचालन को और अधिक सुरक्षित किया गया है। हाल में संकेत एवं दूरसंचार विभाग द्वारा कानपुर सेंट्रल स्टेशन यार्ड में चार नए क्रॉस ओवर डाल कर आर आर आई कानपुर के मोडिफिकेशन का कार्य वर्तमान संक्रमण काल मे पूर्ण किया गया था।

दूसरी ओर कानपुर सेन्ट्रल के प्लेटफार्म नंबर १ पर नये सी सी टी वी कंट्रोल रूम के निर्माण का कार्य भी पूर्ण किया गया।

इसमें चार एल ई डी डिस्प्ले लगाये गए हैं जिससे स्टेशन की मॉनिटरिंग की जा सके।

## रेलवे ने मालभाड़ा ग्राहकों से की वार्ता

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने मालभाड़ा ग्राहकों को प्रमुख और योजनाओं के बारे में बताया। इसके लिए लाई गई नई पॉलिसी तथा प्रोत्साहन योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने माल के उठान में तेजी लाए जाने की बात कही। ग्राहकों से भी महाप्रबंधक ने सुझाव लिए।

एमएन ओझा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे ने भी ग्राहकों से सहयोग की अपील की। मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अनुमणि त्रिपाठी ने ग्राहकों एवं अफसरों का स्वागत किया बैठक में उद्यमियों के अलावा संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा नेताओं ने काटा केक

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के ४७वां जन्मदिन के अवसर पर बुधवार दिनांक ०१.०७.२०२० को सपाइयों ने केक काट कर मनाया। इस अवसर पर जार्जटाउन स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में केक काटा गया। सपा के पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किया। लोगों में मास्क, वस्त्र व फल वितरित किए गए। निवर्तमान पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में समारोह के दौरान पार्टी का नामक संदेश पत्र जिले के घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया। झूंसी के एक गेस्ट हाउस में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी यादव के नेतृत्व में मास्क, साबुन वितरित किया गया। दूसरी ओर शहर पश्चिमी और नैनी में भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया।

## कम दूरी की माल ढुलाई पर रेलवे ने दी छूट

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारतीय रेलवे द्वारा औद्योगिक गतिविधियों में सुधार हेतु माल ढुलाई में रियायत देने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत ०.५० किमी तक की माल ढुलाई पर ५०% की छूट, ५१.७५ किमी की माल ढुलाई पर २५% की छूट तथा ७६.६० किमी तक की माल ढुलाई पर १०% की छूट प्रदान की जाएगी एवं ६१.१०० किमी तक के माल की भी रलवे द्वारा ढुलाई की जाएगी। बतादें कि यह रियायत दिनांक ०१.०७.२०२० से ३०.०६.२०२१ तक लागू रहेगी। पूर्व में रेलवे द्वारा माल की धुलाई के लिए न्यूमतम १०० किमी दूरी की बाध्यता थी जिसमे रियायत देते हुए अब इस दूरी को समाप्त कर दिया गया है। यह रियायत कोयला, लौह खनिज, मिलिट्री यातायात, रेल मटेरियल कन्साइनमेंट एवं कंटेनर धुलाई के अतिरिक्त अन्य सभी तरह की माल धुलाई पर लागू होगी। इस रियायत के साथ अन्य किसी भी रियायत को लागू नहीं किया जायेगा।

# परिस्थितियों के अनुसार ही रेलवे नियमित गाड़ियों को चलाने पर लेगा फैसला

प.सू.का/नई दिल्ली। देश में लॉकडाउन लागू होने पर, भारतीय रेल की नियमित टाइम टैबल्ड गाड़ियों का चलना बंद कर दिया गया था एवं बाद में इन गाड़ियों में टिकट्स की बुकिंग भी १४ अप्रैल से बंद कर दी गई थी। परंतु १२० दिन की एडवांस टिकट बुकिंग सुविधा के फलस्वरूप १२ अगस्त तक की गाड़ियों में बुकिंग हो चुकी थी। रेलवे द्वारा इनमें से पहले ३० जून तक की नियमित टाइम टैबल्ड गाड़ियों को कैंसिल कर टिकटों की राशि रिफंड की गई थी। अब रेलवे द्वारा बाकी १ जुलाई से १२ अगस्त तक की टाइम टैबल्ड गाड़ियां की राशि रिफंड करने का फैसला लिया गया है।



पुराने समय-सारिणी के अनुसार चलने वाली नियमित गाड़ियों को कोविड की वजह से वर्तमान स्थिति में चलाना संभव नहीं है। इसलिए इन नियमित गाड़ियों में १४ अप्रैल से पहले बुक की गयी सभी टिकटों को कैंसिल कर टिकटों की राशि रिफंड की जा रही है। रेलवे के इस निर्णय से वर्तमान में चलने वाली स्पेशल यात्री गाड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लॉकडाउन के पश्चात भारतीय रेल द्वारा जो ११५ जोड़ी स्पेशल यात्री गाड़ियां शुरू की गई हैं, वे चलती रहेंगी। वहीं जुलाई में परिस्थितियों को देखने के पश्चात ही और स्पेशल यात्री गाड़ियों को चलाने का निर्णय लिया जा सकता है। रेलवे भविष्य में परिस्थितियों को नजर में रखते हुए नियमित टाइम टैबल्ड गाड़ियों को चलाने पर फैसला लेगा।

Heartline
Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111
● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER
22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
| --- | --- | --- |
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

# स्क्रूटनी के लिए यूपी बोर्ड की वेबसाइट खुली

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर पुस्तिकाओं की हाईस्कूल और इंटर का परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद स्क्रूटनी के लिए यूपी बोर्ड की वेबसाइट खोल दी गई है। शुल्क चालान के माध्यम से इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालयों को इसकी सूचना भेज दी है। बतादें कि हाईस्कूल और इंटर का परिणाम २७ जून को जारी हुआ था। बोर्ड ने परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। २२ जुलाई तक इच्छुक छात्र आवेदन कर सकते हैं। वहीं यह भी निर्देश छात्रों को दिए गए हैं कि अपूर्ण आवेदन और निर्धारित तिथि के बाद किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। स्क्रूटनी के लिए थ्योरी और प्रैक्टिकल वि ायों की अलग-अलग शुल्क चार्ज किया जाएगा। दोनों के लिए ५००-५०० रुपये निर्धारित किए गए हैं। परिषद की वेबसाइट पर सारे दिशा निर्देश मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार डीआईओएस डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि संस्थागत छात्र चालान की प्रति आवेदन पत्र अग्रसारित करने वाले केंद्र व्यवस्थापक से सत्यापित करा सकते हैं।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। दिनांक २७.०६.२०२० को हुई बैठक में उद्यमियों ने मण्डलायुक्त से बन्द पड़े उद्योगों के पुर्नस्थापित करने तथा नये उद्योगों को प्रयागराज में आमंत्रित कर उन्हें यहां पर अपने संस्थान खोलने के लिए अनुरोध किया।

मण्डलायुक्त ने कहा कि उद्योगो के लिए मूलभूत सुविधायें मुहैया करायी जा रही है। उन्होंने संबन्धित अधिकारियों से कहा कि उद्यमियों से सम्बन्धित कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जाये।

मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रवासी श्रमिको/कामगारों को रोजगार उपलब्ध करायें जाने सम्बन्धी निर्देशों का अनुपालन किया जाये। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न प्रदेशों से आये मजदूरों को उनके कार्यस्थल पर ही रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९९३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

# महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने किया कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन स्थित कोविड केयर सेंटर का उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने दौरा किया। इस सेंटर में कोरोना रोगियों के लिए ५० आइसोलेशन कोच खड़े किए गए हैं। महाप्रबंधक ने इस केन्द्रो का निरीक्षण भी किया। उत्तर रेलवे द्वारा किए जा रहे। रेल डिब्बों एवं रेल परिसर से संबंधित कार्यो से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। मीडिया के साथ बातचीत करते हुए चौधरी ने कहा कि भारतीय रेलवे इस आपदा के दौरान राष्ट्र की सेवा में अपने सभी संसाधनों के साथ कार्य कर रही है। चूँकि इन डिब्बों में अधिक से अधिक रोगी पहुँच रहे हैं अतः हम यहां सुविधाओं का विस्तार कर रहे हैं। उन्होनें यह भी कहा कि दिल्ली सरकार की मांग पर उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के ६ रेलवे स्टेशनों पर ५०३ आइसोलेशन कोच प्रदान किए हैं। शकूरबस्ती पर खड़े यह रेल कोच पीतमपुरा स्थित भगवान महावीर अस्पताल की सुविधाओं का विस्तार हैं। बतादें कि हल्के लक्षणों वाले रोगियों को इन आइसोलेशन कोचों में रखा जा रहा है।